दिनांकः 19.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने को पीड़ादायी बतायां
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में राज्य सरकार ने खरीफ–2025 के लिए 2 करोड़ से अधिक किसानों को करीब 1 हजार 150 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान कियां
- अक्षय तृतीया का पावन पर्व आज–चार धाम यात्रा भी आज से शुरू हो रही हैं
- प्रदेश में गर्मी के तेवर और तीखे हुए–जयपुर सहित 19 स्थानों पर तापमान 40 डिग्री के पारं

.......................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्र हित सरकार के लिए सर्वोपरि हैं कल देर शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के सर्वोत्तम और निष्ठापूर्ण प्रयासों के बावजूद **नारी शक्ति वंदन अधिनियम** में संशोधन से संबंधित विधेयक पारित नहीं हो सकां श्री मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण समय की मांग हैं

.......................................................................................

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिलाओं की प्रगति और सशक्तिकरण में बाधा डालने का आरोप लगायां उन्होंने कहा कि संसद में इस विधेयक का विपक्षी दलों ने विरोध कर नारी शक्ति का अपमान किया हैं

.......................................................................................

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने संकल्प पर अडिग हैं उन्होंने कहा कि विधेयक को पारित करवाने के लिए जरूरी दो–तिहाई मत प्राप्त नहीं हुए, किन्तु देश की सभी महिलाओं का आशीर्वाद सरकार के साथ हैं प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में माताओं और बहनों से क्षमा मांगते कहा कि यह अत्यंत पीड़ादायी है कि महिलाओं के हित में लाया गया यह विधेयक पारित नहीं हो सकां

.......................................................................................

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर कल एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कीं बैठक में किसान कल्याण को उन्होंने सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बतायां

इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि सरकार अल नीनो के संभावित प्रभाव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर करने के निर्देश दियें

श्री चौहान ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ भी वर्चुअल बैठक कीं इसमें विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के क्रियान्वयन के लिए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई उन्होंने राज्यों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पर्याप्त काम उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी श्रमिक को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ें

.......................................................................................

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राज्य सरकार ने खरीफ 2025 के लिए 1 हजार 150 करोड़ रुपये से अधिक की राज्यांश अनुदान राशि का भुगतान कर दिया हैं ये भुगतान प्रदेश के पंजीकृत 2 करोड़ 17 लाख बीमा धारक किसानों को किया गया हैं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कल जयपुर में ये जानकारी दीं उन्होंने बताया कि इससे किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा का मजबूत कवच मिलेगां डॉ. मीणा ने यह भी बताया कि योग्य फसल बीमा पॉलिसी धारक किसानों का 2 हजार 237 करोड़ रुपये के दावों का जल्द भुगतान किया जाएगां

.......................................................................................

प्रदेश में वैध खनन को बढ़ावा देने और अवैध खनन पर कारगर रोक लगाने के लिए मिनरल क्षेत्रों के लिए समयबद्ध रोड़मैप तैयार किया जाएगां साथ ही राज्य में बंद पड़ी खानों में उत्पादन फिर से शुरू कराने के प्रयास किये जाएंगे, जिससे रोजगार के अवसर विकसित हों और राजस्व में बढ़ोतरी की जा सकें खान और पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने कल जयपुर में इस बारे में अधिकारियों की बैठक लीं उन्होंने बताया कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष में 13 प्रतिशत विकास दर के साथ विभाग ने 10 हजार 394 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया हैं वहीं वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए इसमें 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक का लक्ष्य रखा गया हैं श्रीमती अरोड़ा ने राजस्व वसूली के सभी संभावित स्त्रोतों पर ध्यान देते हुए कार्यालय वार मासिक रोड़मैप बनाने के निर्देश दिये हैं

..............................................................................

अक्षय तृतीया का पर्व आज मनाया जा रहा हैं आखातीज का सनातन संस्कृति में विशेष महत्व हैं ये तिथि नये कार्यों की शुरूआत और मांगलिक आयोजनों के लिए शुभ मानी जाती हैं इस अवसर पर मंदिरों में हवन–पूजन सहित विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं अबूझ सावे की मान्यता के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह समारोहों की धूम हैं संभावित बाल विवाह की आशंका के मद्देनजर प्रदेशभर में प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं वहीं शादी समारोह और धार्मिक स्थलों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं

..............................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं श्री शर्मा ने प्रगतिशील और जागरुक समाज के निर्माण के लिए बाल विवाह जैसी कुरीति को दूर करने में प्रदेशवासियों से योगदान देने का आह्वान किया हैं

परशुराम जयंती भी आज श्रद्धाभाव से मनाई जा रही हैं ये भगवान विष्णु के छठे अवतार का जन्मोत्सव हैं इन्हें शक्ति और ज्ञान का प्रतीक माना जता हैं इस मौके पर बारां, सवाईमाधोपुर सहित विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह भी रखे गये हैं

..............................................................................

अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर उत्तराखंड स्थित श्री गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट श्रद्धालुओं के लिए आज खुल जाएंगें गंगोत्री में दोपहर सवा बारह बजे और यमुनोत्री में दोपहर बारह बजकर 35 मिनट पर कपाट खोले जाएंगें इसके साथ ही राज्य में चार धाम यात्रा का औपचारिक शुभारंभ हो जाएगां सरकार की ओर से तीर्थ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं

..............................................................................

प्रदेश में अगले दो–तीन दिनों में गर्मी का प्रकोप और तेज़ होने की आशंका हैं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले समय में पारे में उछाल देखने को मिलेगां इस बीच, पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है और प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित 19 शहरों में कल दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गयां करीब 43 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तामपान के साथ चूरू में दिन और 30 डिग्री के साथ फलौदी कमें रात सबसे गर्म रहीं कोटा, बाड़मेर और चित्तौड़गढ़ में दिन का तापमान 42 डिग्री से ऊपर मापा गयां उधर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और जैसलमेर में हल्के बादल छाये रहे और धूलभरी आंधी चलीं

..............................................................................

राजधानी जयपुर में कल एक ही दिन में 6 हजार टन कचरा साफ किया गयां नगर निगम की ओर से आयोजित 'सफाई सेवा मैराथन–2026' के तहत 9 हजार से अधिक अधिकारी और कर्मचारी मैदान में उतरें वहीं करीब डेढ़ हजार गाड़ियों के माध्यम से 7 हजार फेरे कर कचरे का निस्तारण किया गयां निगम आयुक्त ओम कसेरा ने शहर में 60 से अधिक स्थानों पर गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखां उन्होंने बेहतर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता योद्धा के रूप में सम्मानित कियां साथ ही आमजन और व्यापारियों से बातचीत कर सफाई व्यवस्था का फीडबैक भी लियां

..............................................................................